दिन–मंगलवार दिनांक– 28 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने बिहार को दो हजार सात सौ करोड़ रूपये से अधिक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान पूर्णिया में तीन सौ पचास करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. उत्तराखंड के देहरादून में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत आज से। बिहार के एक सौ पचास खिलाड़ी हो रहे हैं शामिल।

04. और, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, सुपौल और कटिहार समेत हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में घने कोहरे की स्थिति। आम जनजीवन प्रभावित।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने बिहार को दो हजार सात सौ छियासठ करोड़ रूपये की अतिरिक्त सहायता प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह राशि केंद्र सरकार से ब्याजरहित ऋण के रूप में मिली है। इससे पूंजीगत योजनाओं को जारी रखने में मदद मिलेगी। श्री चौधरी ने बताया कि इस राशि को आधारभूत संरचनाओं के निर्माण पर खर्च किया जाएगा।

–––बाइट–––

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान पूर्णिया में तीन सौ पचास करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

–––रिपोर्ट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पूर्णिया में साठ योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार के नगर प्रखंड के मजरा में आयोजित कार्यक्रम में कई योजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गए स्टॉल का निरीक्षण करेंगे और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ का वितरण करेंगे। बाद में वे पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अपने कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों और स्थानीय लोगों के साथ संवाद

करेंगे। इसके बाद श्री कुमार पूर्णिया समाहरणालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

————————————————————————

एक देश, एक चुनाव के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य और भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने विधेयक को लेकर विपक्षी दलों के रवैये की आलोचना की है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में डॉ. जायसवाल ने कहा कि समिति लोकसभा अध्यक्ष द्वारा तय दिशा–निर्देशों के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विधेयक को सभी सुधारों के साथ संसद के बजट सत्र के पहले दिन सदन पटल पर रखा जाएगा।

–––बाइट–––

————————————————————————

एनडीए के घटक दलों के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के तीसरे चरण की शुरूआत छह फरवरी से होगी। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि छह फरवरी को दरभंगा में, सात फरवरी को मधुबनी में, आठ फरवरी को अररिया और किशनगंज में, नौ फरवरी को समस्तीपुर में और दस फरवरी को वैशाली जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में एनडीए के सभी पांच दलों के नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। इधर, घटक दलों का कार्यकर्ता सम्मेलन कल भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में आयोजित हुआ।

————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव तीस जनवरी से अपने कार्यकर्ता दर्शन सह–संवाद कार्यक्रम के आठवें चरण की शुरूआत करेंगे। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्यक्रम की शुरूआत सीवान से होगी। इस चरण में वे सारण और वैशाली जिले का भी दौरा करेंगे।

————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने आईएएस अधिकारी संजीव हंस की अवैध कमाई से जुड़े मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों इस मामले में पहले से ही जेल में बंद कोलकाता के पुष्पराज बजाज के रिश्तेदार हैं। जांच एजेंसी ने सीए उत्तम डागा को कोलकाता और पवन धुत को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। दोनों को पटना स्थित

पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेज दिया है।

———————————————————————

पटना की विशेष अदालत में नीट यूजी और शिक्षक भर्ती समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। इसके साथ ही आर्थिक अपराध इकाई ने उसकी गिरफ्तारी को लेकर तलाश तेज कर दी है। यदि एक महीने में उसकी गिरफ्तारी नहीं होती है या वह आत्मसमर्पण नहीं करता है तो इश्तेहार तामिला करते हुए उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी।

———————————————————————

एसएसबी के पटना सीमांत मुख्यालय ने पिछले वर्ष अलग–अलग मामलों में नौ हजार दो सौ छियासी किलो गांजा, चौवालीस किलो से अधिक चरस, लगभग आठ किलो अफीम और लगभग तीन किलो ब्राउन शुगर बरामद की। इसके अलावा चौदह लाख सैंतालीस हजार रूपये मूल्य के जाली भारतीय नोट और इक्कीस अवैध हथियार भी बरामद किये गये। आईजी नैयर हसनैन खान ने बताया कि पिछले वर्ष दो सौ लोगों को मानव तस्करों से मुक्त कराया गया। साथ ही एक सौ सात मानव तस्कर गिरफ्तार किये गये।

———————————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में आज से अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आयोजन का उद्घाटन करेंगे। हमारी संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों में बिहार के एक सौ पचास खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार ने इस बार अपनी सबसे बड़ी टीम भेजी है। टीम में उनासी महिला और इकहत्तर पुरूष खिलाड़ी शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी एथलेटिक्स, रग्बी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, शूटिंग, कुश्ती और जूडो समेत अठारह खेल विधाओं में अपना दम–खम दिखायेंगे। बिहार के दल का नेतृत्व बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक रविन्द्रनाथ चौधरी कर रहे हैं। प्रतियोगिता में ओलंपियन श्रेयसी सिंह बिहार के दल की ध्वजवाहक होंगी। इससे पहले गोवा में आयोजित सैंतीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार ने तीन रजत और पांच कांस्य पदक समेत कुल आठ पदक जीते थे। इस बार भी बिहार की टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं डॉ. सविता पारीक।

---

पटना के मोईनउलहक स्टेडियम में खेले गये रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच में उत्तर प्रदेश ने बिहार को एक पारी और एक सौ उन्नीस रन के विशाल अंतर से पराजित कर दिया। इस हार के साथ ही बिहार की टीम अपने ग्रुप की अंक तालिका में एक अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर पहुंच गई है।

इधर, सीके नायडू ट्रॉफी अंडर– ट्वेंटी थ्री टूर्नामेंट में बिहार को मुंबई से एक पारी और दो सौ छब्बीस रनों से हार का सामना करना पड़ा है।

---

प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में मौसम का अलग–अलग मिजाज देखने को मिल रहा है। पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, सहरसा, मधेपुरा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार समेत हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में देर रात से घना कोहरा छाया हुआ है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं, दूसरी ओर राजधानी पटना समेत दक्षिणी हिस्सों में अच्छी धूप खिली हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। हालांकि डेहरी, छपरा, मोतिहारी, जमुई, बक्सर, बांका, दरभंगा और गया जिले में न्यूनतम पारा अभी भी दस डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाइट———

---

पटना की सीबीआई अदालत ने मुंगेर स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के तत्तकालीन शाखा प्रबंधक समेत पांच आरोपियों को धोखाधड़ी के मामले में तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला अट्ठाईस साल पुराना था।

---

सुपौल की एक अदालत ने दोहरे हत्याकांड के एक मामले में दोषी संजय यादव को आजीवन कारावास और पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

उत्तर प्रदेश के आगरा में हुए एक सड़क हादसे में पूर्वी चंपारण के चिरैया के एक परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में पति–पत्नी और उसके दो बच्चे शामिल हैं।

———————————————————————

पटना के रूपसपुर–खगौल नहर रोड पर एक अनियंत्रित कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————

नवादा जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने हथियार के बल पर एक व्यापारी से उन्नीस लाख रूपये लूट लिये। इस दौरान अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग भी की।

———————————————————————

दरभंगा जिले के सोनकी थाना क्षेत्र से पुलिस ने फर्जी एडीएम बनकर गणतंत्र दिवस समारोह में पहुंचे एक व्यक्ति को उनके तीन सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – उत्तराखंड में यू सी सी लागू। स्वतंत्र भारत में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बना।

**प्रभात खबर** लिखता है – वक्फ संशोधन बिल मंजूर, संपत्ति पर दावे के खिलाफ होगी अपील।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – मानसरोवर यात्रा इसी वर्ष से होगी शुरू।

**दैनिक भास्कर** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – शिक्षा विभाग में चार दिनों में घूस और घोटाले की एक सौ पचास शिकायतें।

**राष्ट्रीय सहारा** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को अपनी सुर्खी बनाते हुए लिखा है – एक देश एक चुनाव की बहस को आगे बढ़ाएं युवा।

**आज अखबार** लिखता है – तीन दिन तक नहीं होगा मौसम में बदलाव।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने बिहार को दो हजार सात सौ करोड़ रूपये से अधिक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान पूर्णिया में तीन सौ पचास करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. उत्तराखंड के देहरादून में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत आज से। बिहार के एक सौ पचास खिलाड़ी हो रहे हैं शामिल।

04. और, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, सुपौल और कटिहार समेत हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में घने कोहरे की स्थिति। आम जनजीवन प्रभावित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।